हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 25 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 28 .0 डिग्री
न्यूनतम 25 .0 डिग्री

12 सेवानिवृत कर्मचारियों लेकर सरकार संवेदनहीन : सत्यपाल सिवाच


11 कैबिनेट मंत्री ने साढ़े 5 करोड़ लागत की 6 विकास...


## खबर संक्षेप



### सेक्टर 16-17 श्मशान भूमि में किया पौधरोपण

**हिसार।** हिसार रोडीज की ओर से रविवार को सेक्टर 16-17 स्थित श्मशान भूमि परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस मौके पर क्लब सदस्य राधेश्याम, दिनेश यादव, घनश्याम, गुरप्रीत सिंह, अश्विन जांगड़ा, गुरपिंदर सिंह, डॉ. अरुण कुमार अग्रवाल, प्रदीप और सावन मौजूद रहे। अभियान के तहत 100 से अधिक पौधों को लगाया गया। डॉ. अरुण कुमार अग्रवाल ने बताया कि पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल के लिए सभी सदस्यों ने विशेष संकल्प लिया है। उनका कहना था कि शहर की हरियाली और स्वच्छ वातावरण के लिए ऐसे प्रयास लगातार किए जाने जरूरी हैं। हिसार रोडीज के सदस्यों ने कहा कि संस्था समय-समय पर साइक्लिंग के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय गतिविधियों में भी सक्रिय रहती है। पौधारोपण के इस प्रयास से श्मशान भूमि का वातावरण और अधिक हरा-भरा बनेगा तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा मिलेगी।

### हनुमान मंदिर में गणेश चतुर्थी महोत्सव 27 को

**हिसार।** हरियाणा कुरुक्षेत्र सनातन धर्म मंदिर ट्रस्ट, नागोरी गेट द्वारा गणेश चतुर्थी महोत्सव 27 अगस्त को सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक सनातन धर्म हनुमान मंदिर,नागोरी गेट के प्रांगण में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव प्रबंधक रामकुमार गोयल व धर्मपाल गोयल ने बताया कि नगर की सभी संकीर्तन मंडलियां व भजन गायक गणेशजी का गुणगान करेंगे। उन्होंने नगर वासियों से अनुरोध किया है कि गणेश चतुर्थी महोत्सव में बढ़-चढक़र भाग लेकर अक्षय पुण्य की प्राप्ति करें।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में रक्तदान शिविर आज

**हांसी।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की हांसी शाखा की ओर से पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि के पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 9 से दोपहर 12:30 तक बरवाला बाईपास रोड़ स्थित ब्रह्माकुमारीज शांति सरोवर भवन में आयोजित होगा। समाज में नैतिक मूल्यों के प्रसार हेतु रक्तदान शिविर के साथ-साथ आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा।

## करोड़ों खर्चने व बड़े-बड़े दावों के बावजूद नहीं हो रहा जल निकासी का प्रबंध

# अधिकारियों की भागदौड़ व दावे बेअसर बरसात से फिर लबालब हुआ शहर

### रविवार शाम को आई बरसात ने फिर निकाल दी बरसाती पानी निकासी प्रबंधों हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार शाम को हल्की से मध्यम बरसात हुई। मौसम विभाग ने पहले ही इस बरसात की भविष्यवाणी जता दी थी। हालांकि कुछ अंतराल के बाद आई बरसात फसलों के फायदेमंद मानी जा रही है वहीं प्रशासन व निगम के जल निकासी के दावे फिर से धोखा दे गए। शहरी क्षेत्र पानी से लबालब हो गए और लोगों को फिर से वही जद्दोजहद करनी पड़ी। परेशान लोगों का कहना है कि पिछली हुए जलभराव से संबंधित अधिकारियों व निगम अधिकारियों ने कोई सबक नहीं सीखा। बरसाती पानी निकासी के कार्यों पर करोड़ों खर्च करने के बावजूद रविवार को फिर वही स्थिति दिखाई दी और शहर के अनेक क्षेत्र पानी-पानी हो गए।

जिले में दो दिन से बादलवाई व हल्की बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। रविवाद को दिन में कई बार बूंदाबांदी हुई और बंद हो गई लेकिन शाम के समय तेज बरसात शुरू हो गई। इस बरसात से शहर के निचले इलाके फिर लबालब कर दिए। मौसम विज्ञान ने दो दिन पहले ही इस बरसात की संभावना जता दी थी। विभाग के अनुसार हल्की से मध्यम बरसात वर्तमान में होनी है। इसी के चलते रविवार शाम को हुई बरसात से शहर कई पॉश एरिया सहित निचले इलाकों में जलभराव के कारण लोगों को परेशानी भी उठानी पड़ी। शहर की दर्जनों कॉलोनियों बरसाती पानी की निकासी के अभाव में झील में बदली नजर आई। हर बार की तरह जिले का नागरिक अस्पताल परिसर भी पानी से लबालब दिखाई दिया।





#### शहर के इन इलाकों में हुआ जलभराव

रविवार शाम को हुई बारिश के चलते पुराने शहर एरिया में लगभग अधिकतर रिहायशी इलाकों जलमग्न थे। खासकर ऋषिनगर, न्यू ऋषि नगर, जगजीवन नगर, डोगरान मोहल्ला, कुम्हारान मोहल्ला, विजय नगर, ज्योतिपुरा मोहल्ला, सैनियान मोहल्ला, आटो मार्केट रोड, मिलगेट रोड, 12 क्वार्टर रोड, शांतिनगर, राजीव नगर, बड़वाली ढाणी, महाबीर कॉलोनी, न्यू महाबीर कॉलोनी, सूर्य नगर, शिव नगर, शिव कॉलोनी, कृष्णा नगर, जयदेव ढाणी, छोटूराम कॉलोनी, लाजपत नगर, जवाहर नगर, अर्बन एस्टेट, मॉडल टाउन, बैंक कॉलोनी, पटेल नगर, दिल्ली रोड, आजाद नगर, सेक्टर 14, सेक्टर 15 सहित कई क्षेत्र बरसाती पानी से लबालब थे। शहरवासी अपने घरों में घुसे पानी को निकालने की जदोजहद करते देखे गए।

#### क्या कहते हैं मौसम विशेषज्ञ

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग ने अभी बरसात की संभावना जताई है। विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार मानसून टर्फ़ मध्य भारत से उत्तर की तरफ आने तथा अब मानसून की अक्षय रेखा श्री गंगानगर, ग्वालियर, बांदा, देहरी से होते हुए पश्चिमी बंगाल से उत्तरपूर्व बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है। एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन पंजाब पर बने होने तथा अरब सागर से भी नमी वाली हवाएं राजस्थान से होते हुए हरियाणा की तरफ बढ़ने की संभावना से मानसून की गतिविधिया राज्य में बढ़ोतरी होने की संभावना है। इससे 24 से 26 अगस्त के दौरान राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में हवाओं व गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ एक स्थानों पर तेज बारिश की भी संभावना है। उन्होंने बताया कि 27 से 29 अगस्त को भी राज्य में कहीं कहीं हल्की बारिश संभावित है। इस दौरान बीच बीच में ज्यादातर क्षेत्रों में बादलवाई तथा वातावरण में नमी बढ़ने तथा तापमान में गिरावट रहने की संभावना है।



हिसार। बरसात की वजह से विभिन्न क्षेत्रों में भरा पानी।



हांसी।: कांग्रेस जन अभियान कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह।

## कांग्रेस जन अभियान व कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने का अभियान रहेगा जारी

- कांग्रेस पार्टी ने हमेशा किसान व कमेरे वर्ग के लिए कार्य किया : बीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

कांग्रेस जन अभियान के तहत रविवार को जाट धर्मशाला में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का संचालन पूर्व केन्द्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विदेशी मामलों के विभाग के नव-नियुक्त वाईस चेयरमैन बृजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी ने की जबकि मंच संचालन कांग्रेस नेत्री गायत्री देवी ने किया। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री बीरेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं से पूरी एकजुटता के साथ कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों और मेहनतकश वर्ग की उपेक्षा कर रही है। आज किसानों और युवाओं को रोजगार व अवसरों की आवश्यकता है, न कि खोखले वादों की। बीरेन्द्र सिंह ने भाजपा को झूठों की सरकार करार देते हुए कहा कि भाजपा केवल भ्रम और छल की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि हमें किसी व्यक्ति विशेष के नाम पर नहीं, बल्कि कांग्रेस और राहुल गांधी को सशक्त बनाना है।

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं कांग्रेस के विदेशी मामलों के विभाग के वाइस चेयरमैन पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह ने प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, अपराधीकरण, सेना में लागू की गई अग्निवीर योजना, वोट चोरी और संविधान पर मंडराते खतरे जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक शंकर भारद्वाज, वीरेंद्र किरोड़ी, राजवीर संधू, विजय कौशिक, उदयवीर सिंह पूनिया, जोगिन्द्र सिंह, धर्मवीर गोयत, बीरसिंह दलाल, प्रेम सिंह मलिक, दीपेश, दलजीत पंघाल, सुरेश गोयल, सुरेश वाल्मीकि, मनोज राठी, डॉ. साक्षी, वीना, राजेश खर्ब, रघुवीर रंगा, अशोक सिवाच, दिलबाग ढांडा, हरिकेश सरपंच, सुदेश जमावड़ी, सुरेश लाडवा, सुमन भाटोल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पाबड़ा में होने वाला मेधावी छात्र सम्मान समारोह स्थगित

**उकलाना मंडी।** खंड के गांव पाबड़ा के विद्या भारती उच्च विद्यालय में 26 अगस्त को होने वाला मेधावी छात्र सम्मान समारोह किन्हीं कारणों से स्थगित कर दिया है। आयोजन समिति से कीर्ति रतन शर्मा ने बताया कि इस सम्मान समारोह में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय विनायक जोशी पहुंचने थे। कार्यक्रम की आगामी तिथि जल्द निर्धारित की जाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ऑन इंडियन वेदिक में आचार्य कार्तिकेय को मिला विशिष्ट पुरस्कार

- आचार्य कार्तिकेय को लुधियाना में आयोजित कार्यक्रम में दिया गया विशिष्ट सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हाल ही में लुधियाना में आयोजित छठे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ऑन इंडियन वेदिक में आचार्य कार्तिकेय को उनके योग और ज्योतिष के अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें 'योगिक ज्योतिषाचार्य' का खिताब ध्रुवतारा एस्ट्रो फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि जी. डी. वशिष्ट (गुरुदेव), डॉ. अनिल वत्स और पंडित अक्षय शर्मा सहित प्रमुख वक्ताओं ने आधुनिक और पारंपरिक ज्योतिष के बीच संतुलन, योगिक दृष्टिकोण और जीवन में इसका व्यावहारिक उपयोग पर चर्चा की। आचार्य कार्तिकेय ने अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करते हुए उपस्थित दर्शकों को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि जीडी वशिष्ट (गुरुदेव) ने आचार्य कार्तिकेय को उनके योगदान के लिए विशेष सम्मान दिया। आचार्य कार्तिकेय ने कहा कि योग और ज्योतिष का मिलन व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। आचार्य कार्तिकेय ने कहा कि वर्तमान दौर में ज्योतिषाचार्यों से इस तरह के बड़े सवाल किए जाते हैं कि अहमदाबाद एयरक्रैश, धरोली व हिमाचल की प्राकृतिक आपदा आदि के बारे में ज्योतिषाचार्य पहले बताकर उसे रोकने का प्रयास क्यों नहीं करते।



हिसार। आचार्य कार्तिकेय को 'योगिक ज्योतिषाचार्य' का सम्मान प्रदान करते हुए प्रतिष्ठित ज्योतिषाचार्य।

## कर्मचारियों व जनता को हो रही परेशानी पर रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने जताई चिंता

- यूनियन ने बैठक करके उठाई मांगे व समस्याएं, अविलंब समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने कर्मचारियों को हो रही परेशानी पर चिंता जताई है। यूनियन ने इस संबंध में बैठक करके पदाधिकारियों से विचार-विमर्श किया और परेशानियों से महाप्रबंधक को अवगत करवाने का निर्णय लिया।

इस संबंध में रोडवेज कर्मचारी यूनियन की बैठक डिपो प्रधान राजबीर दुहन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कर्मचारियों व आम जनता को होने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डिपो प्रधान राजबीर दुहन ने कहा कि टीए अदायगी में अनावश्यक देरी हो रही है, जिससे कर्मचारियों में रोष है। इसी तरह डिपो में अनेक बसें विभिन्न कारणों से खराब खड़ी है, जिससे उनका संचालन नहीं हो रहा और जनता को परेशानी हो रही है। इसी तरह वर्ष 2012 के चालकों को एलटीसी नहीं मिली है, शौचालयों की सफाई न होने से कर्मचारियों को भारी परेशानी हो रही है। बैठक में मांग की गई कि टीए की अदायगी पूर्व की भांति की जाए। बैठक में तय किया गया कि इन मांगों व समस्याओं को हल करवाने के लिए महाप्रबंधक को अवगत करवाया जाएगा। ये कर्मचारियों व आम जनता से जुड़ी मांग है, इसलिए अधिकारियों को इनमें अनावश्यक देरी नहीं करनी चाहिए।



हिसार। हिसार कार्यालय में बैठक करते रोडवेज कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में डिपो प्रधान राजबीर दुहन के अलावा पूर्व प्रधान राजपाल नैन, पूर्व प्रधान रणबीर सोरखी, पूर्व जिला प्रधान राजबीर सिंधु, संदीप जैनावास, सुभाष दनौदा, पूर्व प्रधान भागीरथ शर्मा, पटेल सिंह, सुखबीर, रोहतास कुंडू, रमेश यादव, प्रदीप डाबड़ा, बलवान ठाकुर, दीपक, सतीश लौरा, रोशनलाल, संदीप चहल, राजबीर बुडाना, प्रधान मंजीत सोरखी, कुलदीप कुंडू, भूपसिंह व मुकेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## अयोध्या से हिसार आने वाली फ्लाइट कैंसिल होने से बुजुर्ग हुए परेशान

- अग्रसेन भवन ट्रस्ट ने बुजुर्गों को हिसार लाने के लिए की निजी वाहन की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार से शुक्रवार को अयोध्या जाने व रविवार को अयोध्या से हिसार आने वाली एलाइंस एयर कम्पनी की फ्लाइट के रविवार को अचानक कैंसिल हो गई। इससे अयोध्या गए बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

अग्रसेन भवन ट्रस्ट द्वारा 60 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों के सम्मान में अयोध्या जाने-आने के लिये मुफ्त हवाई सेवा की व्यवस्था की गई है। हवाई सेवा के साथ-साथ अयोध्या में रहने व खाने-पीने तथा मंदिरों में घुमाने के लिये भी निशुल्क प्रबंध किया हुआ है। अब तक 86 लोग मुफ्त अयोध्या हवाई सेवा का लाभ ले चुके हैं। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने बताया कि दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे की फ्लाइट थी किंतु कुछ देर पहले एलाइंस एयर कम्पनी की ओर से बताया गया कि तकनीकी खराबी के कारण हवाई जहाज हिसार नहीं जाएगा। अपनी वैकल्पिक व्यवस्था कर ली जाए।

इस पर 22 अगस्त को अग्रसेन भवन से भेजे गए 10 बुजुर्गों को हवाई सेवा रद्द किये जाने से परेशानी का सामना करना पड़ा। अंजनी कुमार खारियावाला ने बताया कि उन्हें जैसे ही इस परेशानी का पता चला, तुरंत प्रभाव से अयोध्या में निजी वाहन की व्यवस्था कर दी गई।

सभी बुजुर्गों के लिये कुछ और समय रुकने, खाने-पीने आदि की समुचित व्यवस्था कर दी गई। सभी बुजुर्ग ससम्मान निजी वाहन द्वारा अयोध्या से हिसार के लिये चलकर सोमवार को हिसार पहुंच जाएंगे।

### आर्ट ऑफ लिविंग में साधकों ने किया अभ्यास किया

**हिसार।** आर्ट ऑफ लिविंग शाखा की ओर से साप्ताहिक फॉलो अप का आयोजन भारत माता मंदिर एवं हैप्पीनेस सेंटर, सेक्टर-14, पार्ट- 2 में किया गया जिसका संचालन प्रमोद कुमार एवं परीक्षित आर्य ने किया। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि साप्ताहिक फॉलो अप में साधकों ने योग, प्राणायाम, ध्यान एंव गुरुदेव के पावन वाणी में सुदर्शन क्रिया का अभ्यास किया। उन्होंने बताया कि फॉलो अप में साधक जिन्होंने हैपीनेस कार्यक्रम किया है, उसमें सीखी गयी तकनीकों को तरोताजा करते है। अपनी दैनिक साधना में टिके रहने के लिये प्रेरणा पाने का फॉलो अप केन्द्र एक श्रेष्ठ प्रेरणा स्थल है। यह सत्र भारत के सभी नगर में और दुनिया के लगभग 180 देशों में सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक समुदाय की संगति वाले साधकों के लिए निःशुल्क आयोजित किए जाते है।

### कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज के नेतृत्व में लगातार किसान हित में कार्य कर रहे हकृवि वैज्ञानिक

## सरसों में उत्कृष्ट कार्य के लिए एचएयू को सर्वश्रेष्ठ केंद्र अवार्ड मिलना वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत व रिसर्ज का परिणाम : डॉ. अशोक गोदारा

- हौटा पदाधिकारियों ने ताजा उपलब्धि पर तिलहन अनुभाग के वैज्ञानिकों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (हौटा) ने सरसों में उत्कृष्ट कार्य के लिए विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ केंद्र अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता जताई है। हौटा ने कहा है कि यह सब कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज के मार्गशन में वैज्ञानिकों द्वारा लगातार की जा रही मेहनत व रिसर्ज का परिणाम है कि विश्वविद्यालय को हर क्षेत्र में अवार्ड मिल रहा है। हौटा अध्यक्ष डॉ. अशोक गोदारा एवं अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि हाल ही में विश्वविद्यालय को सरसों के अनुसंधान एवं विकास कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सर्वश्रेष्ठ केन्द्र अवार्ड से नवाजा गया है। यह अवार्ड भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान द्वारा ग्वालियर में आयोजित अखिल भारतीय राया एवं सरसों अनुसंधान कार्यकर्ताओं की 32वीं वार्षिक बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक (तिलहन व दाल) डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने प्रदान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक लगातार मेहनत करके शोध कार्यों के जरिए नई नई तकनीकें खोज रहे हैं, जिनका लाभ किसानों तक पहुंच रहा है। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज के मार्गदर्शन में कृषि वैज्ञानिकों का लगातार प्रयास रहता है कि किसानों तक नई तकनीकें पहुंचाकर उन्हें उनका लाभ दिया जाए।



हिसार। हौटा अध्यक्ष डॉ. अशोक गोदारा।

#### वैज्ञानिक अब तक 23 किस्में विकसित कर चुकी

डॉ. अशोक गोदारा ने वैज्ञानिकों की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि गत वर्ष सिंचित क्षेत्रों के लिए आरएच 1975 किस्म ईजाद की गई है जो अधिक उत्पादन के कारण किसानों के में लोकप्रिय होती जा रही है। उन्होंने बताया कि 11-12 क्विटल प्रति एकड़ औसत उत्पादन तथा 14-15 क्विटल प्रति एकड़ उत्पादन क्षमता रखने वाली आरएच 1975 किस्म में लगभग 39.5 फीसद तेल की मात्रा है। तिलहन उत्पादन में वृद्धि के साथ किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में विकसित किस्मों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके अलावा सरसों की दो अन्य किस्में हाइब्रिड किस्म आरएचएच 2101, आरएच 1424 व आरएच 1706 विकसित की हैं। ये किस्में भी सरसों की उत्पादकता बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने बताया कि सरसों अनुभाग के वैज्ञानिकों की टीम अब तक राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर 23 किस्में विकसित कर चुकी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में विकसित की गई किस्म आरएच 725 हरियाणा के अलावा राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली व बिहार राज्यों में बहुत लोकप्रिय है, जिसकी किसान 25-30 मण प्रति एकड़ आसानी से उपज प्राप्त कर रहे हैं। हौटा पदाधिकारियों ने इस उपलब्धि पर डॉ. राम अवतार, तिलहन अनुभाग के वैज्ञानिक डॉ. दलीप कुमार, डॉ राकेश पूनिया, डॉ. विनोद गोयल, डॉ. नीरज, डॉ. निशा कुमारी, डॉ. स्वेता, डॉ. राजबीर खेड़वाल व डॉ आकाश सहित तिलहन वैज्ञानिकों की टीम को बधाई दी।



## खोखरा कोट

रोहतक शहर के मध्य बसे खोखरा कोट का इतिहास शताब्दियों पुराना है। खुदाई के दौरान यहां से 350 ई. पूर्व के प्राचीन अवशेष भी प्राप्त हुए हैं। इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को देखते हुए पुरातत्व विभाग ने इसे अपने अधीन ले रखा है। इतिहासकार बताते हैं कि योधेयों के नगर रहे खोखरा कोट में राजप्रणाली प्रजातंत्र की होती थी। इसका अंतिम शासक खोखर गोत्र का व्यक्ति था, जिसकी वजह से इसका नाम खोखरा कोट पड़ा। कोट का अर्थ किला होता है।

# सांग पुरोधाओं में शुमार रहे निहालचंद 'निहाल'

**भावपक्ष व शिल्पपक्ष की दृष्टि से निहालचंद 'निहाल' का काव्य बेजोड़ है। भारतीय संस्कृति के उदात्त जीवन मूल्य, अध्यात्म, गुरुभक्ति, समाज-सुधार, नीति, नारी-सम्मान, देशभक्ति, युगबोध का चित्रण पग-पग पर अवलोकनीय रहा है।**

कला-संस्कृति

दिनेश शर्मा 'दिनेश'



साहित्य समाज का दर्पण होता है और लोक-साहित्य लोकजीवन का दर्पण होता है। लोकजीवन में जो कुछ घटित होता है उसका पूरा ब्यौरा लोक-साहित्य में समाहित रहता है। लोक-साहित्य की अनेक विधाएं हैं, जैसे लोकगीत, लोककथाएं, लोकगाथाएं एवं लोकनाट्य आदि। पर लोकनाट्य अर्थात सांग सभी कलाओं का समुच्चय है।

इसमें गीत, संगीत, कथा, नृत्य आदि सब कुछ समाहित रहता है इसलिए लोकजीवन में सबसे ज्यादा प्रभाव लोकनाट्य का पड़ता है। हरियाणा का सांग साहित्य कभी से बड़ा प्रसिद्ध रहा है। यहां पर अनेक महान सांगी हुए हैं, जिन्होंने इस कला को पोषित करने में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। इन्हीं में से एक थे सांग-पुरोधा निहालचंद 'निहाल'। निहालचंद 'निहाल' की गणना अपने समय के महान सांगियों में होती है। इनका जन्म 21 अक्टूबर, 1887 को गांव नांगल ठाकरान में एक गौड़ ब्राह्मण किसान परिवार में हुआ। सांग के क्षेत्र में इनका ऐतिहासिक बहुमूल्य योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इन्होंने हरिश्चंद्र, राजा उत्तानपाद, नल-दमयंती, सत्यवान-सावित्री, भगत पूर्णमल, चाप सिंह, रामलीला, कृष्णलीला, महाभारत, राजाभोज-शरणदे, सरवर-नीर, चंदकिरण, ज्यानी चोर, जमाल-गबरू, गोपीचंद तथा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप आदि सांगों तथा अनेक मुक्तक भजनों की रचना की।

काव्य के भावपक्ष व शिल्पपक्ष की दृष्टि से इनका काव्य बेजोड़ है। भारतीय संस्कृति के उदात्त जीवन मूल्य, अध्यात्म, गुरुभक्ति, समाज-सुधार, नीति, नारी-सम्मान, देशभक्ति, युगबोध का चित्रण पग-पग पर अवलोकनीय है। हरियाणा समेत समस्त उत्तर भारत में इनके सांग होते थे। उस समय इनके सांगों की हर जगह धूम मची हुई थी और बाल व वृद्ध सभी बड़े चाव से इनके सांगों को देखते थे।

निहालचंद 'निहाल' ने अपनी खुली आंखों से लोकजीवन को देखा, जीया, जांचा और परखा तथा अपने अनुभव के आधार पर उन्होंने अपने सांगों में लोक संस्कृति का प्रभावात्मक चित्रण किया जिसकी चहुंदिशा में प्रशंसा हुई। यही नहीं हरियाणा के सूर्यकवि पं. लखमीचंद जैसे लोकनाट्य कला के महारथी ने भी उनके पास रहकर सांगकला की बारीकियों को सीखा। इसका उल्लेख हिंदू विश्वकोश कोलंबिया (यू.एस.ए) में हुआ है। ऐसे महान कलाकार के लोक साहित्य के लिए किए गए योगदान को यहां प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

निहालचंद 'निहाल' का समय स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए बड़े संघर्ष का समय था। सभी भारतीय अपने-अपने तरीके से स्वतंत्रता प्राप्ति हेतु प्रयास कर रहे थे। निहालचंद 'निहाल' भी अपने सांगों के माध्यम से अनेक अमर बलिदानियों के उदाहरण देकर लोगों को आजादी की लड़ाई में शामिल होने के लिए और स्वदेशी सामान का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करते रहते थे। उन्होंने देशभक्ति की काफी



रचनाएं की और देश की आन, बान और शान पर मिटने वाले 'महाराणा प्रताप' का देशभक्ति प्रेरक सांग बनाया और अभिनीत किया। अपने भजनों में अंग्रेजों की खिलाफत की, जिसके कारण इन्हें, उनके क्रोध का भाजन भी बनना पड़ा। कई बार ऐसा न करने की चेतावनी मिली। उसके बाद गिरफ्तार भी कर लिए गए। इनकी देशभक्ति की रागनियाँ पूर्णतः प्रतिबंधित कर दी गई। दर्शनीय है इनकी यह रचना-

*भाइयो हो ज्याओ सब त्यार,*
*देश माँगता कुर्बानी ॥*
*सिर पै कफन बांध ल्यो सारे।*
*इंकलाब के लाओ नारे।*
*गोर्यां नै घणे जुल्म गुजारे।*
*मारे बहोत घणे नर-नार,*
*होगे अमर बलिदानी ॥*

निहालचंद 'निहाल' के सांगों में न्यूनाधिक मात्रा में सभी दर्शनों का उल्लेख हुआ है। साक्ष्यार्थ उनकी एक रचना प्रस्तुत है; जिसमें सत, रज, तम की त्रिगुणी माया, पंच भूत, दस इंद्रियों, पच्चीस प्रकृति आदि का वर्णन है-

*उस निराकार परब्रह्म की छाया मिल गई।*
*पाँच तत्त्व जिनमैं त्रिगुणी माया मिल गई।*
*शहंशाह बण्या तू रय्यत राया मिल गई।*
*राजधानी सुन्दर नगरी काया मिल गई।*
*हाड माँस मज्जा रक्त और चाम-चाम-चाम ॥*
*मानज्या भजै नै मन राम - राम - राम ॥*

मनुस्मृति में वर्णाश्रम व्यवस्था का पूर्ण उल्लेख

**दादी सती मंदिर और दादा मालदेव मंदिर नांगल ठाकरान में लगाए गए बरगद के विशाल वृक्ष उनके प्रकृति प्रेम के साक्षी हैं तथा लोगों के जेहन में अब भी उनकी स्मृति को ताजा करते रहते हैं।**

हुआ है। निहालचंद 'निहाल' ने अपने एक भजन के माध्यम से हमारी प्राचीन सामाजिक व्यवस्था को इस प्रकार प्रस्तुत किया है-

*ब्राह्मण के छः कर्म वेद का पढ़णा और पढ़ाणा था।*
*वेदशास्त्र मनु - स्मृति गीता ज्ञान सुणाणा था।*
*दान का देणा खुद भी लेणा यज्ञ करणा, करवाणा था।*
*थी ब्रह्म की पहचान शील संतोष दयालु बाणा था।*

पतिव्रत-धर्म नारी की उत्कृष्टता का सर्वश्रेष्ठ प्रतिमान है। निहालचंद 'निहाल' ने भारतीय संस्कृति के इस जाज्वल्यमान पक्ष को पतिव्रता द्रौपदी के माध्यम से उजागर किया है-

*सुणै कथा भागवत ग्रहस्थ धर्म सीखै और हमें सिखावै।*
*आशा, तृष्णा, दुबधा, दुर्मति की नहीं तरफ लखावै।*
*नित अमृत भर्या रहै जिव्हा मैं चाखै और चखावै।*
*रवि, मंगल, पून्नम, एकादशी का राखै व्रत रखावै।*
*गऊ ब्राहाण साधू नै जिमा अँजल करै ब्रतीबासी ॥*

हमारे लोकजीवन में आचरणीय और माचरणीय बातों की एक लम्बी श्रृंखला है। सज्जन लोग सदाचार की राह पर चलते हैं और दुष्ट सदा इसके विपरीत। अतः हमारी रीतिनीति को निहालचंद 'निहाल' ने इस प्रकार विवेचित किया है-

*बेमतलब बेकाम जीत और हार नहीं करणी चाहिए।*
*सुण कायदे से बाहर नार की सार नहीं करणी चाहिए।*
*धाय वैद्य रसोइया मित्र से तकरार नहीं करणी चाहिए।*
*दस पाँच आदमी मना करैं वा कार नहीं करणी चाहिए।*

भारतीय संस्कृति में मानवीय मूल्यों का बड़ा महत्त्व है। इसी सिद्धांत को अपनाते हुए निहालचंद 'निहाल' ने भारतीय संस्कृति में अनुस्यूत नैतिक मूल्यों की स्थापना की है। प्रमाण स्वरूप उनकी यह रागनी देखिए-

*धीरज धर समय पड़ी मैं रै ॥*
*कड़वा बोलै विष घुलज्या।*
*आगै भली बुरी सब खुलज्या।*
*तुलज्या सत्त धर्म धड़ी मैं रै ॥*

एक माँ के हृदय में अपनी संतान के प्रति अगाध वात्सल्य होता है। उसकी झलक निहालचंद 'निहाल' की इस रागनी में मिलती है। इसलिए बेटे के मरने का दुख व उस असहनीय स्थिति को उन्होंने निम्नलिखित रचना में इस प्रकार दर्शाया-

*बेटा तेरे बिन रोहतास, रही ना तेरी माँ किसे दीन की, मरूँ कित टक्कर मारकै ॥*

निहालचंद 'निहाल' के काव्य का भाव-पक्ष तो सबल था ही, उनका अभिव्यक्ति पक्ष एवं काव्य-सौंदर्य पक्ष भी दर्शनीय था। महारानी सुदेष्णा, सैरन्ध्री (द्रौपदी) के सौंदर्य की समता कभी ब्रह्माणी (सरस्वती), इन्द्राणी, लक्ष्मी, पार्वती और अग्नि की पत्नी स्वाहा से करती है, तो कभी उसे देवलोक की अप्सरा बताती है और उसके आंगिक सौन्दर्य को इस प्रकार उद्घाटित करती है-

*तेरा नाक सुआ-सा मुँह बटवा-सा सुर्ख लबों पै लाली।*
*मिजगां के तीर अबरू कमान, दो जुल्फ नाग-सी काली।*
*तेरी तिरछी नजर प्रेम की चितवन, वार नहीं जा खाली।*
*कहै निहालचंद उस बेमाता नै तू घड़ी बैठ कै ठाली।*
*सुण कोयलबैनी मृगनैनी, तेरै घली कुदरती स्याही ॥*
*इस दुनिया मैं इतनी सुथरी कोन्या और लुगाई ॥*

कीचक और सैरन्ध्री के संवादों में तो संयोग-श्रृंगार मानो जीवन्त ही हो उठा है। कीचक का सैरन्ध्री को रति-रण के लिए आमंत्रण में तो मानो श्रृंगार रस का सोता ही फूट पड़ा है। देखिए-

*वो बाजीगर खेल रचावै, काम रति का मेळ मिलावै,*
*सैरन्ध्री म्हारै कद-कद आवै, दुख-सुख बुझूँ दारू पिलाकै।*
*सुकड़ रही सर्दी की मारी, काया खुलज्यागी गर्माकै ॥*
*बिछ रहे पिलंग निवारी सोइये, उठकै मुख साबुण से धोइये,*
*बाळ-बाळ मैं मोती पिरोइये, गूँथ लिए सिर चोटी न्हाकै।*
*लाइये तेल फुलेल शरीर मखमल सा हो ज्यागा नरमा कै ॥*

करुण रस के छिटपुट प्रसंग तो इनके सभी सांगों में समाहित हैं, किन्तु महाभारत एवं विराट पर्व में इस रस का मार्काखेज वर्णन है। कीचक वध के उपरांत उसके भाई द्रौपदी को कीचक की अर्थी के साथ जीवित ही कीचक की चिता में झोंक देने की ठान लेते हैं। ऐसी हृदय विदारक स्थिति में असहाय द्रौपदी भगवान को टेरने के अतिरिक्त और कर भी क्या सकती है। निहालचंद 'निहाल' की अग्रदत्त रागनी में मानो करुण रस साकार हो उठा है-

*बड़ी जोर से दान्ने चले, शमशान भूमि आ गई।*
*सती रुदन कर हारी बिचारी, फूल ज्यूँ कुम्हला गई ॥*
*बुलबुल फंसी है जाल मैं, नहीं बस चलै अब क्या करूँ।*
*रस्ता बता परमात्मा, मेरी आत्मा दुख पा गई ॥*
*कहैं निहालचन्द करता तू ही, मारै तू ही मरता तू ही।*
*अद्भुत प्रभु लीला तेरी, बुद्धि मेरी चकरा गई ॥*

जीवन के अंतिम पड़ाव पर ये लोककल्याण एवं भक्तिभावना में लीन हो गए। इन्होंने जगह-जगह पीपल एवं बरगद के पेड़ लगाए तथा प्रतिदिन लोगों को गीता, महाभारत रामायण एवं पौराणिक कथाएं सुनाने लगे। सांग-पुरोधा निहालचंद 'निहाल' 24 फरवरी 1995 को अपने परिवार को भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश सुनाते-सुनाते ब्रह्मलीन हो गए।

उनके कर-कमलों से दादी सती मंदिर व दादा मालदेव मंदिर नांगल ठाकरान में लगाए गए बरगद के विशाल वृक्ष उनके प्रकृति प्रेम के साक्षी हैं तथा लोगों के जेहन में अब भी उनकी स्मृति को ताजा करते रहते हैं।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि सांग की जिस ज्योति को निहालचंद 'निहाल' से पूर्व सांगियों ने प्रज्ज्वलित किया था, निहालचंद 'निहाल' ने उसमें अपनी साहित्य एवं काव्य साधना का घृत डालकर उस ज्योति को प्रकाशमान रखने का पूर्ण एवं सफल प्रयास किया है।

---

कविता | डॉ. फूल कुमार राठी



## कुत्यां की पंचायत


झबरू बोल्या माणस जात नै, कर दिये घाव कसूते,
करण फ़ैसला बैठ गए, मिल कै दिल्ली के कुत्ते।

अलग होण तैं पहल्यां थमनै, बात ज्ञान की कह ज्यांगे,
हम तो दूर चले जांगे, पर कुत्ते फेर भी रह ज्यांगे।
ईश्वर थारा भला करैगा, बसो-घसो सुख मौज तैं,
म्हारै साथ किसी ए बण लियो, सारी हँस के सह ल्यांगे।
जै म्हारी कोए ग़लती हो तो, बेशक मारो जूते।
करण फ़ैसला बैठ गए मिल कै, दिल्ली के कुत्ते।

न्यारी करल्यो फैमिली आई.डी, न्यारे राशन कार्ड हों,
अलग हो सीमा, अलग बसासत, अलग गांव और वार्ड हों।
सारी सुविधा वो ल्यांगे, जो माणस जात नै मिलरी सैं,
जो म्हारे नेता और मंत्री, उनके भी बॉडी गार्ड हों।
इबी भी ना जागांगे तो, रह जावांगे सुत्ते।
करण फ़ैसला बैठ गए, मिल कै दिल्ली के कुत्ते।

अलग करो हदबस्त हमारी, खेवट तक भी न्यारी हों,
हम भी करल्यां पेट गुजारा, बोवण नै कुछ क्यारी हों।
माणस, छाणस नहीं काम के, इनकी पैड़ चालियो ना,
अपनी पंचायत के अंदर, सारी बात ब्यौहारी हों।
भोत रह लिए इनकै भरोसै, इब अपणै बलबूते,
करण फ़ैसला बैठ गए, मिल कै दिल्ली के कुत्ते।

कविता | महेन्द्र सिंह बिलोटिया



## जंग की उमंग

आज अचानक त्यारी करली मां के जाये बीर तनै
छुट्टी छौड़ अधूरी बहना जाणा सै कश्मीर मनै

छुट्टी छौड़ अधूरी भाई आज क्यूकर होग्या जाणा
सीओ साहब की चिट्ठी आई चाहिए फर्ज निभाणा
इस चिट्ठी में के लिख राख्या चाहिए भेद बताणा
कारगिल में दुश्मन आकै करण लगा धिंगताणा
देश की रक्षा करणी सै या लिखा ल ई तकदीर तनै
देश कै उपर अर्पित करणी तन मन की जागीर मनै

देश की रक्षा करणी चाहिए बता कौण तनै नाटै सै
ताक़त शस्त्र दुश्मन आगै बिरला ऐ दिल डाटै सै
कायर और निडर नै भाई या रणभूमि छाटै सै
हे रण मैं चढज्या खून उबलते जब बेरा पाटै सै
दुनिया म्हा तै दुश्मन का ठाणा सांझा शीर तनै
तेरे बोला का मेरी छाती मैं गाड़ लिया तीर मनै

मां का दूध लजाइये मतना जब तनै जाणु मैं
कायर भाजै पिठ दिखाकै रण में छाती ताणु मैं
मेरे मन की चाही पुरी करदे याहे बात बखाणु मैं
गेरु गोले ओले सोले हे बणज्यागा परमाणु मैं
या सारी दुनिया जाणै सै भारत के रणधीर तनै
सदा तिरंगा सजा रहे या लौह की समझ लकीर मनै

केसर क्यारी कश्मीर हमारी दुश्मन के चाहवै सै
वो धोखा देकै आ बैठा के धोखे तै थावै सै
जल्दी करकै जा भाई क्यू सहम वार लावैसै
यो महेंद्र सिंह बिलोटे आला सिर बिस्तर ठावै सै
जाते जाते अपने हाथा देऊ पिला नीर तनै
जीत लड़ाई तेरे हाथा का खाणा हलवा खीर मनै

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

**1857 का संग्राम** | अंग्रेजों ने कर्नल हड़सन के नेतृत्व में एक सेना दिल्ली से 14 अगस्त 1857 को रोहतक के लिए की थी रवाना

# रोहतक के किले में लगाया था रांघड़ों ने मोर्चा




इतिहास | यशपाल गुलिया

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम मई 1857 में आरम्भ हुआ था, तब स्वतंत्रता सेनानियों ने दिल्ली को अंग्रेजों से मुक्त करवा लिया था, जो केवल चार मास तक ही कायम रहा। अंग्रेजों ने दिल्ली पर फिर से अधिकार करने के लिए पंजाब के देशी शासकों से सैन्य सहायता प्राप्त की तथा दिल्ली के बाहर बाड़ा हिन्दुराव के स्थान पर पड़ाव लगा लिया था।

दरअसल, दिल्ली की चारदीवारी के अन्दर सेनानियों का कब्जा था जिन्होंने उस अंग्रेज सेना से बाहर निकलकर अनेक बार युद्ध किए थे। उस अंग्रेज सेना को पीछे से आक्रमण का भय बना रहता था, जिसके लिए उन्होंने नजफगढ, खरखौदा तथा रोहतक तक सेनानियों से युद्ध करने पड़े थे। तब तक रोहतक का किला भी बेहतर अवस्था में था। उसी किले में आस-पास के रांघड़ों ने मोर्चा लगा लिया था। उल्लेखनीय है कि अंग्रेजों की प्रथम पंजाब कवैलरी केवल रोहतक के आसपास रांघड़ों द्वारा गठित थी। यह 1857 में मऊ में तैनात थी तथा वे सभी बगावत करके अपने हथियारों सहित रोहतक व खरखौदा आदि क्षेत्रों में संगठित हो गए थे। खरखौदा में विसारत में अली नामक रांघड़ तथा रोहतक में बबर खां नामक व्यक्ति ने युद्ध सामग्री के साथ-साथ नेतृत्व का निर्णय ले लिया। दिल्ली की रिज पर स्थित अंग्रेजों को जब रांघड़ों की तैयारियों का पता लगा तो उन्होंने कर्नल हड़सन के नेतृत्व में एक सेना रोहतक के लिए भेज दी। उस सेना में केवल अधिकारी अंग्रेज थे, जैसे मैकडोवल, लेफ्टिनेंट वाईज, कैप्टन वार्ड व लेफ्टिनेंट हफ गफ आदि। जबकि सैनिक भारतीय देशी शासकों द्वारा भेजे हुए थे।

इस प्रकार आदेशानुसार हड़सन ने दिल्ली से 14 अगस्त 1857 को रोहतक के लिए प्रस्थान किया। लेकिन 15 अगस्त को अंग्रेज सेना का



रोहतक के किले का वासतविक चित्र जोकि 1870 में एक अंग्रेज द्वारा लिया गया था।

प्रस्थान खरखौदा में ही हो गया। विसारत अली के नेतृत्व में आस-पास के हसनगढ़ आदि के रांघडों ने हड़सन की सेना पर भीषण प्रहार किए लेकिन हथियार आदि के अभाव में खरखौदा के युद्ध में सेनानियों की पराजय हुई और अंग्रेज सेना 16 अगस्त को रोहतक को कुच कर गई। वहां जाकर हड़सन की सेना ने पुरानी कचहरी वाले स्थान पर पड़ाव लगा लिया। जबकि बबर खां के नेतृत्व में इकट्ठे हुए रांघड़ व पठानों ने किले में मोर्चा लगा रखा था। इनमें बागी सैनिकों के अतिरिक्त सिविलियन भी शामिल थे। एक अंग्रेज लेखक के अनुसार रोहतक में 300 घुड़सवार तथा 700 बन्दूकधारी इकट्ठे हो गए थे। अंग्रेज कमान्डर हड़सन ने सेनानियों की तैयारी देखकर 18 अगस्त को पीछे हटने का दम्भ भर दिया। इसके बाद किले से बाहर निकलकर सेनानियों ने अंग्रेज सेना पर आक्रमण कर दिया। लेकिन छलावे की रणनीति के कारण हड़सन की सेना ने रोहतक वालों को दो तरफ से घेर लिया और कुछ समय तक 18 अगस्त को भीषण युद्ध हुआ। इसमें

**छलावे की रणनीति के कारण हड़सन की सेना ने रोहतक वालों को दो तरफ से घेर लिया और कुछ समय तक 18 अगस्त को भीषण युद्ध हुआ। इसमें सेनानियों को भारी हानि के बाद पराजय का मुंह देखना पड़ा। परन्तु रोहतक के किले पर कुछ बन्दूक धारियों की उपस्थिति के कारण वहां पर अंग्रेजों का कब्जा नहीं हो सका।**

सेनानियों को भारी हानि के बाद पराजय का मुंह देखना पड़ा। परन्तु रोहतक के किले पर कुछ बन्दूक धारियों की उपस्थिति के कारण वहां पर अंग्रेजों का कब्जा नहीं हो सका। अंग्रेज सेना जसीया गांव की तरफ से सोनीपत की ओर कूच कर गई। यहां उल्लेखनीय है कि झज्जर व दुजाना के नवाबों ने तब कोई भूमिका अदा नहीं की और ना ही रांघडों व पठानों की किसी अन्य समुदाय ने सहायता की थी।

आश्चर्य की बात ये है कि 1857 के ऐसे भीषण युद्धों का पाठय पुस्तकों में भी वर्णन नहीं किया गया। जबकि खरखौदा के युद्ध में तो चार्ल्स गफ नामक अंग्रेज को विक्टोरिया क्रॉस पदक भी मिला था।

---

# संस्कृति को जीवंत करने का माध्यम है हास्य कला : आजाद दूहन

कलाकार | ओ.पी. पाल

हरियाणवी संस्कृति को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने के लिए लोक कलाकारों ने अपनी अलग-अलग विधाओं में समाज को भी नई दिशा दी है। ऐसे ही कलाकारों में हास्य कलाकार आजाद दूहन हरियाणवी संस्कृति का संवर्धन करने में जुटे हुए हैं। हरियाणवी चुटकुला सम्राट के रूप में अपनी पहचान बना चुके रेडियो कलाकार आजाद सिंह दूहन ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत के दौरान कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर करते हुए कहा कि किसी भी विधा में कला के माध्यम से समाज को अपनी संस्कृति और सभ्यता तथा परंपराओं से जुड़े रहने का संदेश देना संभव है।

लोक कलाकार आजाद सिंह दूहन का जन्म 2 अक्टूबर 1972 को हिसार जिले के गांव बनभौरी में एक किसान परिवार में श्रीचंद और रोशनी देवी के घर में हुआ। ग्रामीण पृष्ठभूमि में गांव में पले-बढ़े आजाद के परिवार में उनके दादा खेती करते थे और पिताजी श्रीचन्द्र मुख्य अध्यापक से सेवानिवृत्त हुए, जो अब परिवार में खेती बाड़ी करते आ रहे है। भले ही उनके परिवार में कोई साहित्यिक या सांस्कृतिक माहौल नहीं था, लेकिन उनके दादा जी बचपन में उन्हें कहानियां सुनाते थे और उनसे भी कविताएं सुनते थे। घर में उनकी माता एक कुशल गृहणी रही हैं। इसलिए उनकी बचपन से ही संस्कृति एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति अभिरुचि रही है। बकौल आजाद सिंह, उनकी प्राइमरी शिक्षा गांव के सरकारी स्कूल से हुई। जबकि






इंटरमीडिएट बरवाला के स्कूल और एमएसएसी(भूगोल) में राजकीय कालेज हिसार से उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने जाट कालेज से बीएड की डिग्री हासिल की। बीएड के आधार पर आजाद एक शिक्षक के रूप में नियुक्त हुए और फिलहाल वे पनिहारी के प्राइमरी स्कूल में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। उनकी कला का यह सफर 1988 से शुरू हुआ, लेकिन 1990 में यह सफर राजकीय महाविद्यालय हिसार में उड़ान भरता नजर आने लगा, जहां उनके गुरु प्रो. प्रोफेसर गुगनराम गोदारा ने उन्हें हास्य कला के लिए बेहद प्रोत्साहित किया है और उनके मार्गदर्शन एवं सानिध्य में ही 'हरियाणवी नाटक, मंच संचालन, हरियाणवी हास्य में विशेषकर चुटकलों में भाग लिया। उनका कहना है कि शुरुआती दौर में उन्होंने परिवार को बिना बताये डरते-डरते लोक कला क्षेत्र कदम रखा, लेकिन धीरे-धीरे सब कुछ सामान्य हो गया। 1993 में वह बिना बताए घर से नैनीताल कैंप में भाग लेने के लिए गये। उन्होंने फिल्म ऐपरिशियेशन वर्कशाप में भाग लेकर अभिनय की बारीकियां सीखी और इसी साल राष्ट्रीय यूथ लिडरसीप कैम्प नैनीताल में सर्वश्रेष्ठ कैम्पर का पुरुस्कार हासिल किया। हालांकि इससे पहले उन्होंने साल 1988 में दसवीं कक्षा के दौरान विद्यालय स्तर पर राजकीय उच्च विद्यालय बरवाला में पहली बार मंच से कविता सुनाई थी। उसके बाद युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लिए लिया और यह युवा संसंद पूरे राज्य में प्रथम आई, जिसमें उन्होंने लोकसभा महासचिव के किरदार की भूमिका निभाई। आज वह एक रेडियो कलाकार के रूप में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयो के सांस्कृतिक निर्णायक मंडल में भी शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं मंचों पर उनकी हास्य व्यंग्य प्रस्तुति का मूल उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार एवं हरियाणवी संस्कृति एवं प्रकृति को बढ़ाना है। हरियाणवी हास्य नाटिका के मंच से लगातार पांच वर्ष तक हरियाणा दिवस पर चुटकुले सुनाने में प्रथम रहा। इस उपलब्धि को प्रोत्साहित करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा साल 1995 में उन्हें चुटकुला सम्राट के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्होंने सातवें राष्ट्रीय युवा उत्सव का भी संचालन किया। यही नहीं, उन्होंने लगातार पांच साल तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक एवं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में राज्य स्तरीय चुटकुला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। आधुनिक युग में लोक कला और संस्कृति के सामने चुनौतियों को लेकर आजाद सिंह दूहन का कहना है कि इस इंटरनेट के युग में अभिनय, कला एवं संस्कृति संगीत बदलाव के दौर में है। वह संस्कृति एवं संगीत में अच्छे बदलाव के समर्थक हैं।

### सम्मान और पुरस्कार

हरियाणा सरकार से चुटकुला सम्राट पुरस्कार और हरियाणा गौरव पुरस्कार से अलंकृत आजाद सिंह दूहन को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में रत्नावली हरियाणवी संस्कृति पुरस्कार भी मिल चुका है। वहीं कुरुक्षेत्र विविद्यालय में दूहन को सर्वश्रेष्ठ एक्टर के पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अशोका सांस्कृतिक अवार्ड भी दिया जा चुका है। हरियाणवी संस्कृति उपलब्धियां के आधार पर राज्य संस्कृति पुरस्कार और राष्ट्रीय स्तर पर अशोका सांस्कृतिक अवार्ड से भी उन्हें नवाजा जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### सर्व कल्याण मंच ने विद्यार्थियों को किए पौधे वितरित

**हांसी।** सर्व कल्याण मंच हरियाणा द्वारा कृष्णा कालोनी स्थित गायत्री विद्या मन्दिर के 534 विद्यार्थियों को विद्यालय के निदेशक राजकुमार अत्री ने फलदार व छायादार पौधों का वितरण किया। विद्यालय निदेशक रविन्द्र अत्री ने बताया कि पौधे मानव जीवन व अन्य सभी प्राणियों के जीवन की संजीवनी बूटी है ये पौधे हमें ऑक्सीजन देते है जो मानव जीवन के लिए अत्यन्त आवश्यक है और कई पौधे तो हमें 24 घंटे ऑक्सीजन देते है उनका महत्व ओर भी अधिक है। पौधे मिट्टी के कटाव से भी बचाते है और जल चक्र को नियंत्रित करते है। हमें देसी दवाईयां, लकड़ी व अन्य सामाग्रियों समेत अनगिनत उत्पाद प्रदान करते है।

### शहीद राजगुरु की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

**हिसार।** भगवान परशुराम जन सेवा समिति की युवा टीम ने सिद्धार्थ गौड़ के नेतृत्व में शहीद राजगुरु की जयंती पर उन्हें याद करते हुए राजगुरु मार्किट में लगी उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। युवा टीम में शामिल विकास गौड़, अरुण वर्मा, कुलदीप बूरा, अनिल राठी, ललित बांगड़, विपिन भारद्वाज, सुभाष, प्रदीप जाखड़ के अलावा टीम एएसडब्ल्यूओ से जनक गौड़ व अन्य सदस्यों ने शहीद राजगुरु की शहादत को याद करते हुए उन्हें माल्यार्पण किया।

### कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए रुकी कुमारी शैलजा

**उकलाना मंडी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से लोकसभा सांसद कुमारी शैलजा जाजनवाला जाते वक्त सुरेवाला चौक पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात के लिए रूकी। वहां उन्होंने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। उनके स्वागत में सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। कुमारी सैलजा ने कहा कि मनीषा कांड में जो समय पर कार्रवाई होनी चाहिए थी वह नहीं हुई जिसमें कोई पारदर्शिता दिखाई नहीं दे रही। चाहे किसी प्रकार की भी कार्रवाई प्रशासन द्वारा की गई हो लेकिन लोगों को संतुष्टि नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में क्राइम चरम पर है, किसी को कोई डर नहीं। उन्होंने बिहार चुनाव को लेकर कहा कि अगर चुनाव सही या पारदर्शिता तरीके से हुआ तो कांग्रेस की सरकार बनना तय है और राहुल गांधी महागठबंधन के तहत बिहार में पहुंचते हैं तो उनका भव्य स्वागत होता है और जनसैलाब उमड पड़ता है।

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने किया सामुदायिक केंद्र एवं छात्रावास का शिलान्यास

# कैबिनेट मंत्री ने साढ़े 5 करोड़ लागत की 6 विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

*इसी प्रकार से 47 लाख 70 हजार रुपए की लागत से बनने वाले भगवान भागीरथ महाराज सामुदायिक केंद्र व छात्रावास भवन का शिलान्यास गया है। आगामी 6 माह के अंदर यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा।*



बरवाला। विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा।

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने रविवार को बरवाला शहर में साढ़े पांच करोड़ लागत की 6 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें भगवान भागीरथ महाराज सामुदायिक केंद्र एवं छात्रावास भवन का शिलान्यास, सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन, पार्क सौंदर्यकरण का उद्घाटन तथा नई वैध कालोनियों की तीन गलियों का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर बरवाला एसडीएम डॉ वेद प्रकाश बेनीवाल, नगर पालिका के अध्यक्ष रमेश बैटरी वाला, ओड समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए अथक निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि बरवाला को बहुत ही सुंदर एवं सुविधा युक्त शहर बनाने को लेकर काम शुरू हो चुका है। शहर से बरसाती पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था करवाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 60 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। इस राशि से कई कार्य पूर्ण होंगे। पानी निकासी को लेकर होने वाले सभी कार्य अगले वर्ष बरसाती मौसम शुरू होने से पहले पूर्ण करवा लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बरसात के कारण जो फसल खराबा हुआ है उसका मुआवजा भी दिया जाएगा। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने आगे कहा कि कुछ समय पहले राज्य सरकार द्वारा बरवाला शहर में कई रिहायशी कॉलोनियों को वैध किया था। नागरिकों की सुविधा के लिए इनमें तमाम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इन कॉलोनियों में गलियों के निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। आज भी लगभग पौने 5 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली तीन गलियों का शिलान्यास किया गया है। इसी प्रकार से 47 लाख 70 हजार रुपए की लागत से बनने वाले भगवान भागीरथ महाराज सामुदायिक केंद्र व छात्रावास भवन का शिलान्यास गया है। आगामी 6 माह के अंदर यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के वार्ड नंबर 12 में 22 लाख रुपए की लागत से एक पार्क का सौंदर्यीकरण का कार्य भी पूर्ण हुआ है, जिसका लोकार्पण भी कर दिया गया है। शहर में 15 लाख रुपए की राशि से बने सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन भी कर दिया गया। कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर ओड समाज के प्रतिभावान युवाओं को स्थिति पत्र देकर सम्मानित किया।

राज्य सरकार द्वारा हलका बरवाला के अंतर्गत आने वाले गांव ढाणी गारण का नाम बदलकर हंस नगर किए जाने पर आयोजित अभिनंदन समारोह में गांव के लोगों ने जोरदार स्वागत करते हुए धन्यवाद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह कदम गांव की पहचान और गौरव को नई दिशा देगा। यह बदलाव हमारी संस्कृति, परंपरा और विकास की नई पहचान का प्रतीक है। इस अवसर पर उन्होंने त्रिवेणी लगाकर आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, नगर परिषद के उपप्रधान ताराचंद नलवा, रामलाल मौर्य, पुष्पा मौर्या, अश्विनी, रामचंद्र मौर्य, मनीष गोयल, पवन शर्मा, मोनू संदूजा, पंकज बादल, महेंद्र ओड, बहादुर सिंह नंगथला, रामलाल ओड शाहिद अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



हिसार। स्वामी राजेन्द्रानंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते बिश्नोई समाज की संस्थाओं के प्रतिनिधि।

## बिश्नोई समाज की संस्थाओं ने गौ ऋषि स्वामी राजेंद्रानन्द महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बिश्नोई सभा हिसार, बिश्नोई सभा आदमपुर, अखिल भारतीय गुरु जंबेश्वर कर्मचारी कल्याण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने हरिद्वार पहुंच कर गौ ऋषि स्वामी राजेंद्रानन्द जी महाराज को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने स्वामी राजेंद्रानन्द जी महाराज के मानव कल्याण के लिए किए कार्यो को याद किया। स्वामी जी द्वारा गायों और मानव कल्याण के लिए किए गए कार्य हमेशा प्रेरणा देते रहेगे। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में बिश्नोई सभा हिसार के अध्यक्ष जगदीशचंद्र कड़वासरा, बिश्नोई सभा आदमपुर के अध्यक्ष राजाराम खीचड़, अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष देहडू, सहदेव कालीराणा, अखिल भारतीय गुरु जंभेश्वर कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष निहाल सिंह गोदारा, बिश्नोई सभा हिसार के उपाध्यक्ष आत्माराम जाजूदा, जीव रक्षा प्रधान एडवोकेट चंद्र सहारण, अनिल पूनिया, मनोहरलाल गोदारा, चौथा राम ज्याणी, कृष्ण राहड़, सुभाष गोदारा, एडवोकेट मंदीप बिश्नोई, एडवोकेट कुलबीर जांगू धांसू, एडवोकेट अशोक बिश्नोई, एडवोकेट राजेंद्र जांगू, रमेश गोदारा कपिल भादू , सुशील , इत्यादि श्रद्धांजलि सभा में मौजूद रहे।

## डीपीएस के खिलाड़ियों का हरियाणा राज्य कराटे चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, हिसार के खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र में आयोजित 24वीं हरियाणा राज्य कराटे चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में अरमान ने स्वर्ण पदक, केशव ने रजत पदक जबकि आराध्या, प्रिंस, नीरव, कुंज और ओशीन पूनिया ने कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता के आधार पर उन्हें राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप 2025 के लिए चयनित किया गया है जिसका आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में होगा। विद्यालय प्रधानाचार्या मंजू सुधाकर ने सभी विजेता खिलाड़ियों, अभिभावकों तथा प्रशिक्षक सचिन वर्मा को बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने अनुशासन, मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे हिसार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

## परम मित्र कन्या विद्या निकेतन खांडा खेड़ी के छात्रों ने किया संसद भवन का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद



नारनौंद। परम मित्र विद्या निकेतन स्कूल खांडा खेड़ी के छात्र लाल किले के बाहर खड़े हुए।

परम मित्र कन्या विधा निकेतन स्कूल खांडा खेड़ी के विद्यार्थियों को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन का भ्रमण करवाया गया। यह भ्रमण सभी के लिए अत्यंत समृद्ध एवं अविस्मरणीय अनुभव रहा क्योंकि विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन की भव्यता तथा अमृत उद्यान की सुंदरता को निकट से देखा।

संस्था के कैंपस इंचार्ज मनदीप सिंधु ने बताया कि इस यात्रा ने विद्यार्थियों को भारत की विरासत, संस्कृति एवं राष्ट्रपति भवन की स्थापत्य कला की गहन जानकारी प्रदान की। यह विद्यालय के लिए गर्व का क्षण था कि विद्यार्थियों को राष्ट्र के इतिहास एवं परंपराओं से जुड़ने का यह स्वर्णिम अवसर प्राप्त हुआ। इसके अलावा विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक लाल किला एवं इंडिया गेट का भी भ्रमण किया।

लाल किले ने विद्यार्थियों को भारत के स्वर्णिम अतीत और स्वतंत्रता संग्राम की गहन जानकारी दी, वहीं इंडिया गेट ने उन्हें देश के वीर शहीदों के बलिदान और देशभक्ति की प्रेरणा से अवगत कराया। ये भ्रमण वास्तव में शैक्षणिक एवं प्रेरणादायी रहा, जिसने विद्यार्थियों के मन पर गहरी छाप छोड़ी। ऐसे अनुभव न केवल कक्षा कक्ष की शिक्षा को समृद्ध करते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर देशभक्ति, गर्व और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के प्रति सम्मान की भावना भी उत्पन्न करते हैं।

# गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय ने विभिन्न विषयों के कोर्सों की फीस में की कमी

*विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए यह फीस वृद्धि कम करने का निर्णय लिया : प्रो. नरसी राम बिश्नोई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग तथा ऑनलाइन माध्यम से संचालित सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्सिज की फीस में भारी कमी की है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए यह फीस वृद्धि कम करने का निर्णय लिया गया है। इससे विद्यार्थी वर्ग, खासकर इन माध्यमों से पढ़ाई करने वालों को फायदा होगा। सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के निदेशक प्रो. खुजान सिंह ने बताया कि डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस, डिप्लोमा इन फाइनेंशियल मार्केट, डिप्लोमा इन बिजनेस एनालिटिक्स, डिप्लोमा इन सप्लाई चेन एनालिटिक्स, डिप्लोमा इन इंडस्ट्रीयल हेल्थ एंड सेफ्टी, डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग, डिप्लोमा इन डेटा साइंस, डिप्लोमा इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी, डिप्लोमा/सर्टिफिकेट इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, डिप्लोमा/सर्टिफिकेट इन फूड क्वालिटी एश्योरेंस, डिप्लोमा इन सोलिड एंड हजार्डस वेस्ट मैनेजमेंट कोर्सिज की फीस 18 हजार रूपये थी, अब इन कोर्सिज की फीस घटकर 12 हजार रूपये हो गई है। डिप्लोमा इन स्प्रिचुअल टीचिंग्स ऑफ गुरु जम्भेश्वर जी महाराज फॉर हेल्थ एंड इनवायर्नमेंट एजुकेशन कोर्स की फीस 18 हजार रूपये से घटकर 10 हजार रूपये हो गई है। सर्टिफिकेट इन वीडियो फिल्म प्रोडक्शन कोर्स की फीस 10 हजार 500 रुपये से घटाकर 7500 रुपये कर दी गई है। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन माध्यम से संचालित डिप्लोमा/सर्टिफिकेट इन कंप्यूटर एप्लीकेशन व डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग कोर्स की फीस 22 हजार रुपये से घटाकर 18 हजार रुपये कर दी गई है।

### आल हरियाणा पावर कारपोरेशन ने की बैठक

**हांसी।** ऑनलाइन तबादला पोलिसी व कच्चे कर्मचारियों की मांगों के समाधान के लिए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन ने राज्य प्रधान सुरेश राठी की अध्यक्षता में रविवार को कर्मचारी भवन रोहतक कार्यकारिणी सदस्यों मीटिंग की गई। इस अवसर पर चेयरमैन देवेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा व केन्द्र सरकार बिजली निगमों को धीरे-धीरे प्राइवेट कंपनियों के हवाले करने का काम कर रही है। सरकार अपनी चहेती कम्पनियों को कोड़ियों के दाम पर बिजली निगमों को सौंपने जा रही है, जिसका ताजा उदाहरण चण्डीगढ़ निगम है, और मात्र तीन महीने बाद ही वहां कार्यरत कम्पनी ने बिजली के रेट बढ़ाना शुरू कर दिया।



### छात्र अपने लक्ष्य को निर्धारित करके बढ़ें आगे : सतीश

**नारनौंद ।** गुरु रविदास मंदिर नारनौंद के प्रांगण में रविवार को प्रबुद्ध भारत फाउंडेशन समूह द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन से संबंधित एक विशाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।उपमंडल नारनौंद के विभिन्न गांवों से 140 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर आधारित यह परीक्षा 100 अंकों की थी। लड़के और लड़कियों ने बड़े उत्साह से इस परीक्षा में भाग लिया। यह परीक्षा जसविंदर गांव लोहारी राघो के नेतृत्व में रमेश राठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मास्टर सतीश कुमार, मास्टर सुन्दर सिंह, मास्टर रोहताश तथा डॉक्टर बीआर अंबेडकर लाइब्रेरी नारनौंद के बहुत से छात्रों ने इस परीक्षा की सम्पन्नता में अपना योगदान दिया। इस परीक्षा की पारदर्शिता के लिए इसका लाइव प्रसारण भी किया गया। परीक्षा के उपरांत सभी विद्यार्थियों को डॉक्टर अंबेडकर मंच नारनौंद की तरफ से ईनाम देकर सम्मानित किया और प्रसाद वितरित किया गया। रमेश कुमार राठी ने भविष्य में इस प्रकार की अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए छात्रों को उत्साहित किया।

# रवि महता पुनः प्रधान और सुभाष टीनू आहुजा महासचिव बने रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार




हिसार। प्रधान चुने गए रवि महता एडवोकेट व महासचिव चुने गए सुभाष टीनू आहुजा।

राजगुरु मार्किट वैलफेयर एसोसिएशन की आम सभा की बैठक पूर्व एसोसिएशन के सरपरस्त जगदीश कटारिया व गौतम नारंग की अध्यक्षता में मार्किट में हुई। बैठक की शुरुआत में सरपरस्त सुशील जैन की धर्मपत्नी के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट किया गया व दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

इसके बाद सुभाष टीनू आहुजा ने एसोसिएशन द्वारा बीते कार्यकाल में किये गये विकास कार्य एवं समस्याओं के बारे में बताया और निर्धारित कार्यकाल की समाप्ति की घोषणा की। नई कार्यकारिणी के पुर्नगठन के लिये उपस्थित सदस्यों से विचार लिये गये। बैठक में कहा गया कि जो कोई भी सदस्य किसी भी पद के लिये सेवा करना चाहे, वो हाथ खड़ा करके अपना नाम लिखवा दे। उपस्थित सदस्यों ने पुरानी कार्यकारिणी द्वारा गत वर्ष किये गये कार्यों की सराहना करते हुए इसी कार्यकारिणी के कार्यकाल को बढ़ाने के लिये बैठक की अध्यक्षता कर रहे जगदीश कटारिया व गौतम नारंग से अपील की। सभी सदस्यों की सर्वसम्मति बनने पर इसी कार्यकारिणी का कार्यकाल एक वर्ष और बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

एसोसिएशन की कार्यकारिणी में रवि महता एडवोकेट प्रधान, सुभाष टीनू आहुजा महासचिव, दर्शन खुराना कोषाध्यक्ष, सुरेन्द्र बजाज वरिष्ठ उपप्रधान, सुशील गोयल उपप्रधान, प्रदीप सचदेवा सहसचिव, विकास लाहौरिया सह कोषाध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं।



हिसार। विश्व उद्यमिता दिवस पर स्टॉल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी के उद्यमियों ने विश्व उद्यमिता दिवस पर दिखाई नवाचार की चमक

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में विश्व उद्यमिता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसमें उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग व महानिदेशक प्रभजोत सिंह की प्रेरणा से उद्यमियों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स लगाए गए। इसी क्रम में आयोजित इस प्रदर्शनी में राज्यभर के विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों और बहुतकनीकी संस्थानों द्वारा कुल 17 स्टार्टअप स्टॉल्स लगाए गए। इनमें से तीन स्टॉल्स गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी, हिसार के पास आउट उद्यमियों द्वारा लगाए गए, जिन्होंने अपनी नवीन तकनीकों और स्टार्टअप आइडियाज से सबका ध्यान आकर्षित किया। मीडिया कोऑर्डिनेटर सुनील भुटानी ने बताया कि इस अवसर पर टीपीओ परितोष पाराशर संजीव श्योराण, कपिल भोरिया एवं सभी विभागों के एटीपीओ व अन्य स्टॉफ सदस्यों सहित 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## मूक बधिर विद्यालय के छात्र निलेश का डीफ ओलंपिक-2025 (टोकियो) में चयन

**हिसार।** यहां के श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र के प्रतिभाशाली छात्र निलेश का चयन आगामी डीफ ओलंपिक-2025 (टोकियो) में आयोजित होने वाली 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के लिए किया गया है। निलेश ने



अहमदाबाद हुई ट्रायल में प्रथम स्थान हासिल करके टोक्यो जापान में आयोजित ओलंपिक में लिए कोटा हासिल किया है श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र के सहायक निदेशक अमित ने बताया कि यह उपलब्धि न केवल हमारे विद्यालय के लिए, बल्कि पूरे जिले एवं राज्य के लिए गर्व का विषय है। निलेश की मेहनत, लगन एवं अनुशासन ने यह सिद्ध कर दिया है कि दिव्यांगजन भी किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। इस अवसर पर सहायक निदेशक अमित चौधरी ने कहा कि कल फोन के माध्यम से निलेश के पिता द्वारा मिली जानकारी से पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल है। निलेश ने हमारे विद्यायल से ही 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। निलेश की यह सफलता हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि निलेश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाएंगे और देश का परचम लहराएंगे। टोक्यो ओलंपिक में निलेश देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने प्रदेश ओर देश को गोल्ड मैडल देने का काम करेगा। सहायक निदेशक ने बताया कि 26 अगस्त को निलेश का विद्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया जाएगा। पूरा विद्यालय उनको ओलंपिक के लिए अग्रिम शुभकनाए दे रहा है।

**जागरूकता** | कोताही बरतने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी

# सुरक्षा की दृष्टि से किराएदार व नौकरों की पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य करवाएं : अमित यशवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षा की दृष्टि के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक होने के नाते किरायेदारों व नौकरों की वेरिफिकेशन जरूर करवाऐं। जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए किराएदार, नौकर व बाहर से आने वाले मजदूरों की वेरिफिकेशन करवाना जरूरी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घरों में रह रहे किरायेदारों, फैक्ट्री, दुकानों, होटल तथा ढाबा आदि पर काम कर रहे व्यक्तियों की पुलिस वेरीफिकेशन जरूर करवाएं। क्योंकि कुछ अपराधी किस्म के लोग बाहर से आकर किराए पर रहकर अपराधों को अंजाम देकर भाग जाते हैं। उनका रिकॉर्ड न तो मकान मालिक, ढाबा व होटल मालिक के पास होता और ना ही पुलिस के पास होता है। अगर पुलिस के रिकॉर्ड में पहले से जानकारी हो तो अपराधी की पहचान करने व उसे पकड़ने में आसानी हो जाती है। किराएदार और नौकर का सत्यापन करवाने से आपको पता लग जाता है कि यह व्यक्ति जो आपके पास किराएदार है। वह किस प्रवृत्ति का है इसलिए कड़ी सुरक्षा के तहत इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए किराएदार व नौकरों का रिकार्ड सत्यापन जरूर करवाकर संबंधित पुलिस थाना में रिकॉर्ड जमा करवाने में पुलिस का सहयोग करें।

### हर समय पोर्टल व सरल केंद्र पर जाकर भी वेरिफिकेशन करवा सकते हैं



*पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला के सभी व्यापारिक संस्थान, उद्योग संस्थान,फैक्ट्री, होटल, ढाबा रेस्टोरेंट व ठेकेदार के पास जितने भी कर्मचारी हैं। उनकी वेरीफिकेशन करवा कर ही काम पर रखे। इनका रिकॉर्ड संबंधित थाना, चौकी में जमा करवाएं तथा जो लोग आपके पास काम कर रहे हैं उनका आधार कार्ड भी पुलिस के पास होना चाहिए। कोताही बरतने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि बिना पुलिस वैरिफिकेशन के रह रहा व्यक्ति किसी भी प्रकार के अपराध में शामिल पाया जाता है तो उसके मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की जावेगी। सुरक्षा की दृष्टि के साथ-साथ और जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने किराएदार व नौकरों की वेरिफिकेशन जरूर करवाएं क्योंकि ऐसा करने से समाज सुरक्षित रहेगा।*

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव खरकड़ी में नया पंचायती तालाब मछली पालन हेतु नीलामी गांव खरकड़ी के लाइब्रेरी भवन में दिनांक 27 अगस्त 2025 को समय 11 बजे की जाएगी। नीलामी के लिए बोलीदाता को धरोहर राशि के रूप में 1,00,000 रूपए मौके पर जमा करवाने होगें। पट्टे की समय अवधि आठ वर्ष की होगी। बाकि शर्ते मौके पर सुनाई जाएगी।

सरपंच ग्राम पंचायत खरकड़ी, हिसार -1
मोबाइल नंबर 9896910111

## खबर संक्षेप

### नेपाली संघ हरितालिका जीत 26 को मनाएगा

**हिसार।** प्रवासी नेपाली संघ, भारत की हिसार नगर महिला विभाग की बैठक देवी अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन लेखमाया राना ने किया। बैठक में महिलाओं का पर्व हरितालिका तीज 26 अगस्त को विद्युत नगर स्थित कम्युनिटी सेंटर में दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में केंद्रीय समिति सचिवालय सदस्य गीता घिमिरे, केंद्रीय समिति सदस्य अमर केसी, राज्य समिति सदस्य सुमित्रा अधिकारी, नगर समिति हिसार की उपाध्यक्ष विष्णु देवी घिमिरे, सचिव विष्णु प्रसाद घिमिरे, सदस्य सीता अधिकारी व वसंती पोखेल आदि भी उपस्थित रही।

### प्रभु प्रेमी संघ ने भंडारे का आयोजन किया

**हिसार।** शनि अमावस्या के अवसर पर प्रभु प्रेमी संघ द्वारा पुष्पा कॉम्प्लेक्स स्थित सिद्धि विनायक एवं शनि मंदिर में पूरे दिन धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सुबह 7 बजे शनि महाराज का तेलाभिषेक कर पूजा-अर्चना का शुभारंभ किया गया। दिनभर श्रद्धालुओं ने पूजा और भजन-संकीर्तन में भाग लिया। जूना पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी द्वारा यह संस्था पिछले कई वर्षों से हर वर्ष विभिन्न आयोजन करती है। सायंकाल आयोजित भजन संध्या में मोना प्रिंस हैरी, डॉ. दीनदयाल, वेद मित्तल, प्रेम वासुदेव, मीनू अरोड़ा, बिमला डोगरा, सुमित मित्तल, कृष्णा कंसल, एस.के. डोगरा और संजय डोगरा ने भजनों की अमृत वर्षा कर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया।

### विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम जारी

**हिसार।** यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि मई 2025 में आयोजित एमबीए मार्केटिंग विदाउट प्रोजेक्ट चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमबीए मार्केटिंग विद प्रोजेक्ट चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमबीए इंटरनेशनल बिजनेस विदाउट प्रोजेक्ट चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमबीए इंटरनेशनल बिजनेस विद प्रोजेक्ट चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स विदाउट प्रोजेक्ट चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स विद प्रोजेक्ट चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमबीए हैल्थकेयर विदाउट प्रोजेक्ट चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमबीए हैल्थकेयर विद प्रोजेक्ट चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमकॉम विदाउट प्रोजेक्ट चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमकॉम विद प्रोजेक्ट चतुर्थ सेमेसटर (मेन) बैच 2023, एमए मास कम्युनिकेशन चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमए इंगलिश द्वितीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, एमए इंगलिश चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमटेक सीएसई-011 द्वितीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2024, एमबीए विद प्रोजेक्ट चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमबीए विदाउट प्रोजेक्टस चतुर्थ सेमेस्टर (मेन) बैच 2023 सहित कई विषयों के परिणाम जारी किए हैं।

### बुलेट बाइक, सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के भी कट रहे चालान

# शिकंजा! काली फिल्म लगा चलने वाले वाहन और ड्रिंक एंड ड्राइव वाले चालक पुलिस के निशाने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला पुलिस इन दिनों काली फिल्म लगे वाहनों एवं ड्रिंक एंड ड्राइव (शराब पीकर वाहन चलाने वालों) पर शिकंजा कस रही है। पुलिस का मानना है कि काली फिल्म वाले वाहन आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं वहीं ड्रिंक एंड ड्राइव दुर्घटना का बड़ा कारण बन सकता है। ऐसे में ऐसे वाहनों पर प्राथमिकता कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस का मानना है कि नियमों का पालना बहुत जरूरी है। ऐसे में यदि कोई नियमों का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई अवश्य होगी। ऐसे में पुलिस द्वारा जनहित एवं लोक व्यवस्था की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात नियम उल्लंघनकर्ताओं तथा सार्वजनिक स्थानों पर असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध निरंतर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

#### किसी तरह का उल्लंघन नहीं होगा बर्दाश्त



एसपी शशांक कुमार सावन।

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि जिला पुलिस का स्पष्ट मानना है कि ऐसे उल्लंघनों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कानून का उल्लंघन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से अपील है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, सार्वजनिक स्थानों पर शांति व्यवस्था बनाए रखें तथा समाज में अनुशासन व सुरक्षा की भावना को बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

#### नियम उल्लंघन के दुष्परिणाम

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गाड़ी के सीसे पर ब्लैक फिल्म लगाने से वाहन के अंदर बैठे व्यक्तियों की पहचान कठिन हो जाती है, जिससे आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। साथ ही चालक की दृश्यता कम होकर सड़क सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न होता है। नशे की हालत में वाहन चलाना स्वयं चालक के साथ-साथ अन्य राहगीरों और वाहन चालकों के जीवन को भी गंभीर जोखिम में डालता है। शराब सेवन से निर्णय क्षमता व संतुलन प्रभावित होता है, जिससे सड़क हादसों की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीना, न केवल कानूनन अपराध है बल्कि सामाजिक असुरक्षा का कारण भी है। इससे झगड़े, उपद्रव और शांति भंग होने की घटनाएं होती हैं। इससे आम नागरिक असहज महसूस करते हैं।

#### इन वाहनों पर कार्रवाई

अभियान के तहत ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है जो गाड़ियों पर ब्लैक फिल्म लगाकर नियमों का उल्लंघन करते हैं या नशे की हालत में वाहन चलाकर अपनी तथा दूसरों की जान जोखिम में डालते हैं।

सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन कर कानून व्यवस्था भंग करते हैं अथवा बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखों जैसी ध्वनि उत्पन्न कर सार्वजनिक शांति भंग करते हैं। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि पिछले एक सप्ताह के दौरान चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने अनेक चालाना किए हैं। इसके तहत 112 चालान गाड़ियों पर ब्लैक फिल्म लगाने के मामलों में किए गए जबकि 80 चालान ड्रिंक एंड ड्राइव के मामलों में किए। इसी तरह 60 चालान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने के मामलों में और 19 चालान बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे जैसी ध्वनि उत्पन्न करने के मामलों में जारी किए गए हैं। ऐसे लोगों पर शिकंजा कसा जाएगा।

## खाटू धाम से लाया गया डाक निशान हांसी में श्याम बाबा को चढ़ाया



हांसी। श्री मंदिर में मौजूद डाक निशान लेकर आए श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्याम भक्तों द्वारा दूसरी बार डाक निशान खाटू धाम से मात्र 18 घंटों में हांसी में श्री श्याम प्रभु के धाम में चढ़ाया गया। रविवार प्रातः 9 बजे श्याम भक्तों ने हांसी श्री खाटू धाम में श्याम बाबा को डाक निशान अर्पित किया। श्याम बाबा के जयकारों के बीच श्याम भक्तों के उत्साह ने मंदिर के माहौल को मिनी खाटू धाम बना दिया। श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को ही बनता था।

पिछले वर्ष भी श्याम भक्तों ने खाटू धाम से हांसी में पहला डाक निशान चढ़ाया था। इस बार यह दूसरा मौका था।

श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश मित्तल की अध्यक्षता में समस्त श्रद्धालुओं ने श्याम भक्तों का अभिनंदन व स्वागत किया गया। इस अवसर पर विनय जैन, पप्पू खरड़िया, लक्ष्मीकांत गर्ग, विशाल, सौरभ, विनोद, मुकंद, बल्लू, कृष्ण सहित काफी संख्या में श्रद्धालु भगत व महिलाएं मौजूद रही।

## एलीट स्विम अकादमी के तैराकों ने पांच सर्वश्रेष्ठ तैराक के खिताब जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शीर्ष प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में हिसार की एलीट स्विम अकादमी के तैराकों ने हाल ही में आयोजित सहोदय तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल पांच सर्वश्रेष्ठ तैराक के खिताब जीते। दीक्षिता शर्मा को अंडर-19 वर्ग में तीन स्वर्ण पदकों के साथ सर्वश्रेष्ठ तैराक चुना गया। इनायत मोर ने असाधारण प्रतिभा का परिचय देते हुए अंडर-17 वर्ग में तीन स्वर्ण पदकों के साथ सर्वश्रेष्ठ तैराक का खिताब जीता, जबकि रूनी मोर के दृढ़ संकल्प ने अंडर-14 वर्ग में एक स्वर्ण और तीन रजत पदकों के साथ सर्वश्रेष्ठ तैराक का खिताब जीता।

लड़कों के वर्ग में अरुणोदय और यशस्वी ने दबदबा बनाया और दोनों ने तीन-तीन स्वर्ण पदकों के साथ सर्वश्रेष्ठ तैराक का खिताब हासिल किया। रक्षिता और रमन शर्मा ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए दो-दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। कृतिका, नैतिक, तोयेश और मेहुल ने भी दो-दो स्वर्ण पदक जीतकर प्रभावित किया। अरियाना ने एक रजत पदक जीता।



हिसार। खिताब जीतने वाले एलीट स्विम अकादमी के तैराक। फोटो: हरिभूमि

समर ओर रिया ने एक कांस्य व दो रजत पदक किया। पांच वर्षीय सहमत ने भी कांस्य पदक जीतकर अपनी छाप छोड़ी। सभी तैराकों ने अपने-अपने स्कूलों का प्रतिनिधित्व किया। कोच जतिन और अकादमी के प्रधान महावीर व करीना बिश्नोई सहित कोच विकास व जिला खेल अधिकारी नरेश सैनी ने बधाई दी।

## भाजपा बास एवं सिसाय मंडल कार्यकारिणी की बैठक हुई संगठन को मजबूत करने पर चर्चा, पखवाड़े की तैयारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

नारनौंद विधानसभा के बास एवं सिसाय मंडल कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को पांच सत्रों में संपन्न किया गया, जिसमें अलग-अलग वक्ताओं ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, आगामी पखवाड़े में होने वाले बूथ स्तरीय कार्यक्रमों तथा संगठन को और अधिक मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से संबोधन किया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ स्तर तक सक्रिय कर जनसंपर्क अभियान को नई धार देना, नॉनस्टॉप सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचाना और संगठन को और अधिक मजबूत करना रहा। सिसाय मंडल कार्यकारिणी बैठक में मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पूरा, मंडल प्रभारी अशोक कन्नोजिया, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, पप्पू सिहाग, पूर्व पार्षद धर्मबीर सिह, राममेहर स्वामी मौजूद रहे। इसी तरह बास मंडल कार्यकारिणी में जिला महामंत्री धर्मबीर रतेरिया, महिला ज़िलाध्यक्ष नीलम जांगड़ा, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कुलदीप गौतम, बास मंडल प्रभारी राजकुमार पहल, सह प्रभारी श्रीमती श्री शर्मा, 'मन की बात' विधानसभा संयोजक डॉ. ईश्वर बडाला, मंडल महामंत्री शमशेर नम्बरदार एवं सोनू कोहाड़, प्रीति बडाला व सुमन खांडा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।





नारनौंद। बैठक को संबोधित करते वक्ता एवं उपस्थित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

## लोकहित मंच का सातवां कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण समारोह 29 को, मंत्री गंगवा होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सामाजिक संस्था लोकहित मंच का सातवां कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन आगामी 29 अगस्त को दोपहर दो बजे दिल्ली गेट स्थित श्री पंचायती रामलीला ग्राउंड के वातानुकूलित हाल मे किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्था की एक बैठक संस्था अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई।

संस्था के महासचिव मनमोहन तायल ने बताया कि कार्यक्रम मे हरियाणा सरकार मे कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा मुख्य अतिथि के रूप मे वही हांसी हल्का के विधायक विनोद भयाना, भाजपा हांसी जिलाध्यक्ष अशोक सैनी अति विशिष्ट अतिथि के रूप शिरकत करेंगें। कार्यक्रम मे पूर्व चैयरमेन रहे सतबीर वर्मा, भारत विकास परिषद, हरियाणा के प्रांतीय सेवा प्रमुख कमलेश कुमार गर्ग, विकास मान मैमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. एसएस मान, मातृ पितृ सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट, हांसी के अध्यक्ष साहिल कपूर विशिष्ट अतिथि के रूप शिरकत करेंगे वहीं सक्षम हरियाणा के प्रांतीय सह-सचिव डॉ. मनोज यादव की उपस्थिति रहेगी। बैठक मे संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने बैठक में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संस्था के सदस्यों की ड्यूटियां निर्धारित की। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने कहा कि सेवा परमो धर्मः के मूल मंत्र पर कार्य करते हुए संस्था द्वारा इस सातवें कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पहले से चयनित काफी संख्या मे दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग, ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, वैशाखी, कान की मशीन इत्यादि जरूरत का सामान उपलब्ध करवाया जाएगा। बैठक मे कोषाध्यक्ष सुशील गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक सुनील, नरेन्द्र भयाणा भाईजी होटल वाले, कपिल बंसल, वरिष्ठ अधिवक्ता पवन गोयल, पुनीत गौड़, विपिन बाबा, गौरव भारतीय,सोनू खांडा वाले, इंद्रजीत खुराना, राजकुमार वर्मा, सोनू सुधीर, बलराम शर्मा, दिनेश शर्मा, अनिल, दिनेश उपस्थित रहे।



हांसी। कार्यक्रम को लेकर हुई मीटिंग में भाग लेते लोकहित मंच के सदस्य।

## ऑफ-कैंपस प्लेसममेंट ड्राइव में विवि के चार विद्यार्थियों का चयन हुआ

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से मनोहर फिलामेंट्स ऑफ-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के बीटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी कार्यक्रम के चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थी बीटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी के नंदीकांति, आदित्य, थाती सौम्या और पंकज हैं। लगातार हो रहा चयन विश्वविद्यालय व विभाग के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने चयनित विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई और कहा कि विश्वविद्यालय का उद्योग-अनुकूल पाठ्यक्रम और उन्नत बुनियादी ढांचा नौकरी के लिए तैयार पेशेवरों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि मनोहर फिलामेंट्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में लगातार प्लेसमेंट गुजविप्रौवि की शैक्षणिक और कॉर्पोरेट दोनों क्षेत्रों में प्रतिष्ठा की पुष्टि करती है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की।









प्लेसमेंट प्रक्रिया के एक भाग के रूप में, मनोहर फिलामेंट्स की मानव संसाधन प्रबंधक कीर्ति पांडे ने एक प्री-प्लेसमेंट सत्र आयोजित किया, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को कंपनी के विविध कार्यों से परिचित कराया और एफएसएसएआई से संबंधित नियामक सेवाओं में कंपनी की विशेषज्ञता पर प्रकाश डाला। उन्होंने संगठन की तकनीकी क्षमता और व्यापक, संपूर्ण नियामक समाधान प्रदान करने की क्षमता पर जोर दिया।

## प्राथमिक पाठशाला के छात्रों ने जीते गोल्ड मेडल



हिसार। विजेता बच्चों को स्वागत करते स्कूल मुख्याध्यापिका एवं अन्य स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राजकीय प्राथमिक पाठशाला सेक्टर 16-17 में स्थित खेल नर्सरी के खिलाडियों ने स्कूल डिस्ट्रिक्ट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मैडल जीतकर अकेडमी व जिले का नाम रोशन किया है। बच्चों की इस उपलब्धि पर प्रशंसकों ने उन्हें बधाई दी है। बॉक्सिंग कोच विकास इंदौरा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन हाल ही में एमएस स्पोर्ट्स इंस्टीटयूट आर्यनगर में किया गया था। इसमें खेल नर्सरी नर्सरी के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इनमें अर्पिता वशिष्ठ ने लड़कियों के 57 किलोग्राम भार वर्ग अंडर 19 में गोल्ड मेडल, रौनक ने लड़कों के 49 किलोग्राम भा वर्ग अंडर 19 में गोल्ड मेडल जीता। इसी तरह विरोज सिंह ने 70 किलोग्राम भार वर्ग अंडर 17 में गोल्ड मेडल तथा रेयान ने सिल्वर, अंशुल व लक्ष्य ने ब्रॉन्ज मेंडल जीते हैं। सभी गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी आने वाली स्कूल स्टेट चैंपियनशिप में हिसार जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। बच्चों की इस सफलता पर स्कूल की मुख्य अध्यापिका रीटा मलिक व कर्नल चत्तर सिंह गोयल, अकेडमी कोच विकास इंदौरा सहित स्कूल स्टाफ व अन्य प्रशंसकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला हिसार की कन्वेंशन का आयोजन

# सेवानिवृत्त कर्मियों लेकर सरकार संवेदनहीन : सिवाच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कन्वेंशन जवाहर नगर स्थित संगठन कार्यालय में हुई। कन्वेंशन की अध्यक्षता जिला उपप्रधान ओमप्रकाश सैनी ने की तथा संचालन जिला सचिव नरेश गौतम ने किया। कन्वेंशन में सर्वप्रथम सर्व कर्मचारी संघ के नेता रहे वजीर सिंह सरोहा, मैकेनिकल वर्कर यूनियन के पूर्व नेता सुभाष चोपड़ा, भिवानी जिले में नृशंसता से कत्ल की गई अध्यापिका मनीषा सहित देश प्रदेश में दुर्घटनाओं में एवं सीमा पर शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कन्वेंशन में मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ एवं अध्यापक संघ में पूर्व नेता रहे सत्यपाल सिवाच ने बताया कि वर्तमान में देश-प्रदेश में शासित भाजपा सरकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों सहित तमाम कमेरे वर्गों के प्रति संवेदनहीन रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा कि आठवें वेतन आयोग के लिए नया वित्त विधेयक लाकर सेवानिवृत कर्मचारियों को इससे मिलने वाले लाभ से वंचित रखना चाहती है और 2006 के बाद सरकारी विभागों में भर्ती हुए कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की बजाए एनपीएस और यूपीएस के नाम पर बरगला रही है। पढ़े लिखे युवाओं को स्थाई रोजगार अवसर प्रदान करने की बजाए हरियाणा कौशल रोजगार निगम के नाम पर 11 महीने का रोजगार देकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है और विभागों को सिकोड़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते अमीर आदमी और अमीर तथा गरीब और ज्यादा गरीब होता जा रहा है। प्रदेश की कानून व्यवस्था लचर होने के कारण दिन प्रतिदिन अपराध बढ़ रहा है।



हिसार। रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला हिसार की कन्वेंशन को संबोधित करते संगठन पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

कन्वेंशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी और जिला सचिव नरेश गौतम ने बताया कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा समय-समय पर अपने मांग पत्रों तथा आंदोलनों के माध्यम से रिटायर कर्मचारियों की मांगों के समाधान को लेकर आवाज उठा रहा है, लेकिन सरकार का रवैया नकारात्मक रहा है। उन्होंने बताया कि विभागों में निरंतर हो रही सेवानिवृति के चलते लंबे समय से विभागों में कार्यरत सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को नियमित करना चाहिए ताकि आमजन को मूलभूत सुविधाएं सुचारू रूप से मिल सकें। वक्ताओं ने बताया कि सेवानिवृत कर्मचारियों की मांगों के समाधान को लेकर सरकार ने सकारात्मक रुख नहीं अपनाया तो आने वाले समय में रिटायर कर्मचारी आंदोलन को और तेज करने को विवश होंगे, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी। कन्वेंशन में सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव राजेश बागड़ी, रिटायर्ड कर्मचारी संघ की राज्य उपप्रधान निर्मला, मास्टर जयवीर सिंह, चन्दगी राम, अशोक अठवाल, अशोक बोहत, श्योचंद घोड़ेला, नानक देव, सुभाष गुज्जर, रमेश आहूजा, तुलसी राम, रामदास, हितेश कुमार, अनिल शर्मा, कपूर सिंह बामल कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुलिस ने डॉग स्क्वाड टीम के साथ दो गांवों में चलाया सर्च अभियान

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ व थाना सदर पुलिस ने नशा तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए थाना सदर क्षेत्र गांव कंवारी व उमरा में डॉग स्क्वाड टीम के साथ सर्च ऑपरेशन के तहत संदिग्ध स्थानों सहित अनेक जगहों पर जांच की। स्पेशल स्टाफ में तैनात एएसआई नरेश ने बताया कि थाना सदर पुलिस व डॉग स्क्वाड टीम के साथ क्षेत्र के गांव कंवारी व उमरा में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान संदिग्धों के निवास स्थानों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छुपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला न रहता हो। लेकिन अभियान के दौरान कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा कि चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों और आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो, कार्रवाई सुनिश्चित करना है।